आईएसबीटी के लिए नहीं मिली जमीन तो कैंसिंल भी हो सकते है प्रोजेक्ट

नवभारत न्यूज

बैतूल, 28 जनवरी. आईएसबीटी बस स्टैंड और फायर स्टेशन जैसे प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित जमीन का मामला कमिश्नर कोर्ट नर्मदापुरम में चल रहा था, लेकिन इस मामले को कमिश्नर कोर्ट ने वापस जिला कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई के लिए भेज दिया है।

जिला कलेक्टर न्यायालय को भेजा प्रकरण

प्रोजेक्ट के लिए चाहिए 11 एकड़ जमीन

नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि कमिश्नर कोर्ट से मामला वापस जिला कलेक्टर न्यायालय भेज दिया है। अब इस मामले की सुनवाई जिला कलेक्टर न्यायालय में होगी। यदि मंदिर से जुड़े लोगों के पक्ष में फैसला आता है तो, शहर को मिलने वाली यह दो बड़ी सुविधाएं फिलहाल खटाई में पड़ सकती है। बता दे कि नगरपालिका ने करबला स्थित खेड़ी रोड पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के लिए जिला प्रशासन ने जिस जमीन को चिन्हित किया था, लेकिन उस जमीन को लेकर मंदिर से जुड़े लोगों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज कराई थी। जहां कमिश्नर कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले को जिला कलेक्टर न्यायालय में भेज दिया है। फिलहाल इस मामले की सुनवाई और फैसले के बाद ही तय होगा कि खेड़ी रोड करबला के पास आईएसबीटी और फायर स्टेशन बनेगा या नहीं?

चाहिए 11 एकड़ जमीन : अंतरराज्यीय बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए कुल 11 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई जा रही है। इसमें से आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए लगभग 9 एकड़ और फायर स्टेशन के लिए 2 एकड़ जमीन चाहिए। आईएसबीटी बस स्टैंड बनने से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होता और यात्रियों को यात्रा करने में बड़ी आसानी हो जाती। यहीं वजह है कि सर्वे के बाद इस जमीन को प्रशासन ने आईएसबीटी निर्माण के लिए उपयुक्त मानते हुए आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, उसी पर मंदिर से जुड़े लोगों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय, नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज कराई थी। आपत्ति से योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

अपीलकर्ताओं का था यह तर्क

इस मामले में अपील करने वालों का कहना था कि जिस जमीन को प्रशासन आईएसबीटी के लिए आवंटित कर रहा है, वह उनके लंबे समय से कब्जे में है और बिना सहमति इसे बस स्टैंड निर्माण के लिए लिया जा रहा है। दूसरी ओर प्रशासन का तर्क था कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड मंदिर के नमा दर्ज थी। जमीन को मंदिर निर्माण और संचालन के लिए आवंटित किया गया था। मंदिर से जुड़े लोग ही वर्षो से इसका उपयोग कर रहे थे, लेकिन सर्वाकार (कानूनी स्वामित्व) से जुड़े रिकॉर्ड उपलब्ध न होने से कलेक्टर द्वारा यह आवंटन समाप्त कर जमीन को शासन के अधीन कर लिया गया।

अभी कोठीबाजार बस स्टैंड से हो रहा बसों का संचालन

अभी जिले और अन्य राज्यों के लिए चलने वाली बसे जिला मुख्यालय के कोठीबाजार स्थित मुख्य बस स्टैंड से संचालित हो रही है। सालों पहले बने इस बस स्टैंड पर अब जगह कम पड़ने लगी है। चूंकि बैतूल सीमावर्ती जिला है, इसलिए यहां महाराष्ट्र समेत अन्य कुछ राज्यों के लिए भी बड़ी संख्या में बसे आती है और यहां से जाती है। यहीं कारण है कि यहां पर महानगरों की तरह आईएसबीटी बस स्टैंड बनाए जाने की योजना तैयार की थी।

महानगरों के तर्ज पर बनना था बस स्टैंड

बता दे कि महानगरों की तर्ज पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने करबला स्थित खेड़ी रोड पर जमीन चिन्हित की थी। जहां बस स्टैंड बनाने के साथ-साथ फायर स्टेशन का भी निर्माण होना था, किन्तु आपत्ति दर्ज कराये जाने से जमीन आवंटन की प्रक्रिया रूक गई, जबकि फायर स्टेशन के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) भोपाल द्वारा किया जाना है। बताया जा रहा है कि इसके लिए करीब 2 करोड़ रूपये की राशि भी मिल चुकी है। इसके अलावा टैंडर भी हो चुके है। यदि जमीन उपलब्ध हो जाती है तो तत्काल इसका काम भी शुरू किया जा सकता था।

आईएसबीटी और फायर स्टेशन के लिए जमीन का मामला कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुर से जिला कलेक्टर न्यायालय भेज दिया है। अब प्रकरण की सुनवाई यहीं होगी। यदि फैसला मंदिर से जुड़े लोगों के पक्ष में आता है तो यह जमीन नहीं मिल पायेगी। ऐसे में यह प्रोजेक्ट लगातार लेट होते जा रहे है या जमीन के अभाव में कैंसिल भी हो सकते है।

– सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल

जमीनी नहीं मिली तो कैंसिंस भी हो सकते है प्रोजेक्ट

आईएसबीटी और फायर स्टेशन के लिए उपयुक्त और पर्याप्त जमीन नहीं मिली तो शहर को मिलने वाली यह दो बड़ी सुविधाएं खटाई में पड़ सकती है या यूं कहे कि यह यह प्रोजेक्ट कैंसिल भी हो सकते है, क्योंकि आईएसबीटी के लिए 9 एकड़ और फायर स्टेशन के लिए करीब 2 एकड़ जमीन चाहिए। जमीन के बिना इन दोनों प्रोजेक्ट को पूरा करना संभव नहीं है। ऐसे में जमीन नहीं मिली तो प्रोजेक्ट को कैंसिल भी करना पड़ सकता है। जानकार बताते है कि यह जमीन हाइवे से जुड़ी होने के कारण यहां बस स्टैंड बनने से शहर का ट्रैफिक शहर के बाहर शिफ्ट हो जाता और लोगों को शहर खासतौर से कोठीबाजार बस स्टैंड के पास लगने वाले बार-बार जाम से निजात भी मिलती।

एक नजर में

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 20 जुलाई को अवकाश

मुलताई। मां ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन ने स्थानीय अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 21 जुलाई 2026 मंगलवार के स्थान पर 20 जुलाई सोमवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय एवं उपकोषालयों को छोड़कर समस्त शासकीय कार्यालयों में लागू होगा। पूर्व में घोषित अन्य स्थानीय अवकाश यथावत रहेंगे।

मंडल संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त

मुलताई। विधानसभा क्षेत्र मुलताई में जी राम जी अभियान के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा नगर मंडल मुलताई, दुनावा मंडल, प्रभात पट्टन मंडल, मासोद मंडल, साईखेड़ा मंडल में संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी राम चरण मालवीय ने बताया भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने मुलताई विधानसभा के पांचो मंडल अध्यक्ष की सहमति से जी राम जी अभियान के लिए संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई। जिसमें नगर मंडल मुलताई में नंदकिशोर बरखाडे को संयोजक, रामदास साहू, संजय सोनी सहसंयोजक, दुनावा मंडल में महेंद्र कास्लेकर संयोजक, राजू धोटे एंव गजानन गावंडे को सह संयोजक, प्रभात पट्टन मंडल में शीतल सिंह राठौड़ को संयोजक, मंगल नरवरे, चंद्रशेखर देशमुख (मंडल उपाध्यक्ष) को सह संयोजक नियुक्त किया गया।

पेड़ पर चढ़ी महिला की करंट लगने से मौत

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के हणोतिया गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में काम कर रही एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजन गहरे सदमे में हैं। मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय कमलती पति पंजाब राव परते खेत में बकरियों के लिए पत्तियां तोड़ने पेड़ पर चढ़ी थीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरने लगीं। गिरते समय उन्होंने खेत के पास से गुजर रही बिजली की मेन लाइन का तार पकड़ लिया। तार में तेज करंट होने के कारण महिला को जोर का झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ीं। हादसे के बाद महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

35 जोड़ो का दहेज मुक्त विवाह, 273 यूनिट हुआ रक्तदान

बैतूल। सतलोक आश्रम उड़दन में बुधवार पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब जी के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे महाविशाल समागम का दूसरा संपन्न हुआ। जिसमें लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया। आश्रम के सेवादारों ने बताया कि आज से 508 वर्ष पूर्व कबीर साहेब जी सशरीर सतलोक गए थे जिसकी स्मृति में ये तीन दिवसीय महा विशाल समागम संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में मनाया जा रहा है। जिसमे सभी को निमंत्रण दिया गया है। इस महा विशाल भंडारे में शुद्ध देशी घी से

बने सब्जी, पूड़ी, दाल,चावल, मिष्ठान का भंडारा दिया जा रहा है। साथ ही संत गरीबदास जी महाराज जी द्वारा लिखित अमर ग्रंथ साहिब की अमरवाणी का अखंड पाठ चल रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन संत रामपाल महाराज के समाज सुधार कार्यों के अंतर्गत मात्र 17 मिनट में गुरुवाणी द्वारा 35 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह भी संपन्न कराया गया और जिला चिकित्सालय बैतूल स्टाफ की मौजूदगी में अनुयायियों द्वारा 273 यूनिट रक्तदान भी किया गया और 3585 लोगों के देहदान के संकल्प फार्म भरे गए। समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य पंडाल की व्यवस्था है, समागम में आने वाले श्रद्धालुओं में लिए जूता घर,पार्किंग, मोबाइल चार्जिंग, शौचालय आदि की पर्याप्त सुविधा के साथ सृष्टि रचना की आध्यात्मिक प्रदर्शनी व निःशुल्क नामदीक्षा, निशुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा के साथ अन्य बीमारियों के उपचार की व्यवस्था भी की गई है। समागम के लिए आश्रम को इस प्रकार से सजाया गया है जैसे दीवाली का त्यौहार हो। समागम के दूसरे दिन खबर लिखे जाने तक 2750 लोगों ने संत रामपाल महाराज से निःशुल्क नामदीक्षा ग्रहण की।

मानसिक बीमार ने खंडित की हनुमानजी की प्रतिमा

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम गोपाल तलाई में मंगलवार की रात्रि करीब 9 बजे मुख्यमार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय किनारे स्थित हनुमान मंदिर में विराजित हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा पत्थर से खंडित कर दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

मानसिक बीमार के उपचार के लिए जमा की राशि

जानकारी मिलने पर बुधवार की सुबह टीआई नरेंद्र सिंह परिहार मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों को

समझाइश दी। ग्रामीणों ने बताया मंगलवार की रात्रि किसी व्यक्ति द्वारा पत्थर से हनुमानजी की प्रतिमा खंडित कर दी। सुबह जब ग्रामीणों को जानकारी मिली तो देखा प्रतिमा के सीने के पास से पत्थर से चोला खंडित किया है। शेष प्रतिमा खंडित नहीं है। ग्रामीणों द्वारा जब ग्राम में पता लगाया तो जानकारी मिली की ग्राम के कमलेश बारसकर ने प्रतिमा खंडित की है, जिसके हाथो में ग्रामीणों ने सिंदूर लगा हुआ भी देखा। बताया जाता कमलेश कुछ दिनों से मानसिक बीमार भी है। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को देने पर टीआई नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाइश दी, टीआई नरेंद्र परिहार ने उन्होने ग्रामीणों को प्रतिमा के खंडित भाग को अष्टधातु से सुधारने एवं चोला चढ़ाने का कहा है। वहीं ग्रामीणों ने मानसिक बीमार कमलेश के उपचार के लिए राशि जमा की है।

बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत

बैतूल। झल्लार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुल्लर ढाणा के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बेल ढाना, थाना भैंसदेही निवासी सतीश डिकारे (20 वर्ष) अपने साथी अभिषेक गुणवंत राव (22 वर्ष) के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत भैंसदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अभिषेक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं सतीश को भी जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि उसके पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और सतीश ही अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने सतीश का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। झल्लार थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हल्दी-कुमकुम में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

बैतूल। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज महिला मंडल द्वारा कोठी बाजार में सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन के साथ सामाजिक सरोकार निभाते हुए हल्दी-कुमकुम समारोह में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 200 महिलाओं की जांच की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर रहीं, जिनके द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से समाज की बहनों ने सहभागिता की। सभी महिलाओं ने एक-दूसरे

को हल्दी-कुमकुम लगाकर तिलगुड व वान भेंट किए और सुख-समृद्धि व सौभाग्य की मंगल कामनाएं कीं। जीजाबाई जोन की महिलाओं द्वारा दी गई सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष समा बांधा, जिनकी उपस्थित दर्शकों ने सराहना की। आयोजन में संरक्षक मंडल की वरिष्ठ बहनों, हल्दी-कुमकुम प्रभारी धनलक्ष्मी बहनों, रसीद काउंटर, वान वितरण, प्रसाद वितरण, एंकरिंग, हल्दी-कुमकुम लगाने वाली बहनों, 10 प्रश्न पूछने वाली बहनों सहित समस्त सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। सभी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

साध्वी देवादिति दीदी कल आएंगी

बैतूल। महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में कल 30 जनवरी को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय रामाश्रय परिसर, रानीपुर रोड बैतूल में आयोजित होगा। इस अवसर पर परम श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी की शिष्या, महिला पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से साध्वी देवादिति दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। जिला योग प्रभारी संगीता अवस्थी ने बताया कि साध्वी देवादिति दीदी ने संन्यासी जीवन की पराकाष्ठा पर पहुंचकर समाज, हिंदुत्व और सनातन के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। वे योग, आयुर्वेद और स्वदेशी की क्रांतिकारी विचारधारा के माध्यम से समाज की महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने का संदेश देंगी। उनके सानिध्य में महिलाओं को योग के जरिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक जीवन को संवारने की प्रेरणा मिलेगी। महिला पतंजलि बैतूल की मीडिया प्रभारी हर्षा मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस जिला स्तरीय सम्मेलन में अधिक से अधिक माताएं और बहनें शामिल होकर साध्वी देवादिति दीदी के विचारों से लाभ लें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक घोड़ाडोंगरी से श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, महिला राज्य प्रभारी डॉ. पुष्पांजलि शर्मा उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा साध्वी देवादिति दीदी के अन्य कार्यक्रम भी निर्धारित हैं।

आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम से किया जागरूक

बैतूल। जिले में आयुष विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आयुष चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पहला सुख निरोगी काया के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है। आयुष विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में नोडल अधिकारी डॉक्टर मनोज वर्मा एवं सहायक नोडल डॉक्टर रैना कासदे के मार्गदर्शन में जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष पद्धतियों के चिकित्सकों द्वारा स्कूलों में कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को आयुर्वेद आधारित दिनचर्या, ऋतुचर्या, योगाभ्यास, प्राणायाम, स्वच्छता एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को बदलते पर्यावरण, बढ़ते स्क्रीन टाइम और आधुनिक जीवनशैली के कारण होने वाले रोगों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। साथ ही आयुष उपचार द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के तरीकों से भी अवगत कराया जा रहा है। वृद्धजनों के लिए ययोमित्र योजना, बेहतर संतति के लिए सुप्रजा कार्यक्रम तथा अस्थि एवं पेशियों से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम को लेकर आमजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित व निरोगी रहने के उपाय सिखाए जा रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक जिले में संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक एक हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। आयुष विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस अभियान को सफल बनाने में निरंतर कार्यरत हैं।

सरकार को सदबुद्धि देने कांग्रेसियों ने किया सुंदरकांड का पाठ

मुलताई। सनातन धर्म के प्रमुख चारों शंकराचार्य में से एक जगतगुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज एवं उनके साधु संतो पर प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन लाठी चार्ज किए जाने तथा उन्हें स्नान करने से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा रोके जाने, यूजीसी कानून वापस लिये जाने, गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने, भ्रष्टाचार, महंगाई,गौ हत्या पर रोक लगाए जाने एवं भाजपा सरकार को सदबुद्धि प्रदान करने के ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा मुलताई नगर में प्रतिमाह मंगलवार की रात्रि सुंदर काण्ड पाठ का

आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ मंगलवार रात्रि 9 बजे बस स्टैण्ड स्थित दुर्गा मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय यादव, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार ने बताया वर्तमान भाजपा सरकार दोहरे मापदण्ड एवं दोहरे चरित्रवाली है। इस सरकार के कारण अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गौ-हत्या, सनातन धर्म की हानि, साधुसंतो से अभद्रता एवं मारपीट अपने चरम पर है ऐसी कालनेमी रूपी सरकार को सदबुद्धि प्रदान करने हेतु सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है जो प्रतिमाह मंगलवार को नगर के प्रमुख मंदिर, चैराहों पर किया जाएंगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. पीआर बोड़खे, कमल सोनी, प्रहलाद सिंह परमार, शिवकुमार माहोरे, नितेश साहू, रवि खाडे, जीवन डोंगरदिये, उमेश पिंटू ठाकरे, आशीष जैन, महेश नायक, विनोद बेले, गणेश प्रसाद वर्मा, यशवंत बोडखे, पंकज यादव, लोकेश यादव, मयंक पाठक, राजेश साहू, हेमराज धोटे, अखिलेश फुलवार, महेश नागले सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

विद्यार्थियों के प्रशिक्षण पर दिया मार्गदर्शन

बैतूल। ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में श्री अंबा माता आरोग्य आश्रम, नीमच मध्य प्रदेश के परम पूज्य संत धन्वंतरी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत सुरेशानंद सरस्वती का आगमन हुआ। कांची कामकोठी पीठाधीश्वर जयेंद्र सरस्वती द्वारा अंबा माता आरोग्य आश्रम को आयुर्वेद में अतुलनीय योगदान के लिए श्री धन्वंतरी पीठम् घोषित किया गया है। संत सुरेशानंद सरस्वती विगत 52 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में जड़ी-बूटियों के माध्यम से रुग्ण मानवता की सेवा कर रहे हैं। इस सेवा कार्य को निरंतर रखने के लिए आपने 27 वर्ष पूर्व ग्राम निपानिया आबाद, जिला नीमच में श्री अंबा माता आरोग्य धाम श्री धन्वंतरी पीठम् की स्थापना की, जहां दूर-दूर से रोगग्रस्त व्यक्ति आकर आरोग्य लाभ प्राप्त करते हैं। आप नई पीढ़ी में आयुर्वेद को स्थापित करने, उसके प्रभाव और परिणाम का प्रत्यक्ष अनुभव कराने, विश्वास बढ़ाने और जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न महाविद्यालयों के बीएएमएस एवं पीजी विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क नाड़ी परीक्षण के माध्यम से रोगों की पहचान एवं जड़ी-बूटियों द्वारा निदान की प्रक्रिया पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। संत सुरेशानंद सरस्वती ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार सहित अनेक प्रांतों में आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार किया है। साथ ही कनाडा, अमेरिका, जर्मनी और नेपाल जैसे देशों से भी रोगी आश्रम पहुंचकर आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ लेते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा प्राचार्य के आदेशानुसार डॉ. चेतना एवं डॉ. अमित श्रीवास्तव द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष गणेश प्रसाद मालवीय, कोषाध्यक्ष सोनू पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओम आयुर्वेद परिवार गर्व और खुशी से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में डॉ. शशिभूषण साहू, डॉ. कमलेश सोनार, डॉ. डॉली झाड़े, डॉ. स्नेहलता भोई, डॉ. पपिहा, डॉ. नरेंद्र नरवरे, डॉ. नीलम, डॉ. शशिभूषण, डॉ. संदीप पल, डॉ. दीपक साहू, डॉ. स्नेहल, डॉ. स्नेहलता, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. उदय देशमुख, डॉ. मेश्राम सहित समस्त शिक्षकगण एवं बीएएमएस के सभी व्यावसायिक वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यातायात नियमों का पालन करना जरूरी : टीआई

सारनी। यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसुला जा रहा है, उपरोक्त उदगार टीआई जयपाल इवनाती ने व्यक्त किये है। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है. बगैर हेलमेट एवं बिना कागजात के वाहन चालकों पर चालानी कारवाही कर समन शुल्क लिया जा रहा है। पुलिस ने गुणवत्त बाबा मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने लापरवाह चालकों के चालान काटे, बल्कि उन्हें जीवन की कीमत समझाते हुए यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई। पुलिस टीम ने गुणवत्त बाबा मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर पर वाहनों की चेकिंग शुरू की बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक पुलिस को देखकर गलियों में वाहन मोड़ते नजर आए। चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों पर हेलमेट न लगाने वाले और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालों को रोककर कार्रवाई की। पुलिस ने बुधवार को इस अभियान के तहत 33 चालान बनाये है। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि चेकिंग के दौरान 50 से अधिक वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा है, उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं,बल्कि लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाना है। हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए हैं, पुलिस के डर के लिए नहीं। थाना प्रभारी ने कई युवाओं को रोककर उन्हें सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े बताए।

विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज

बैतूल। विश्वकर्मा (बढ़ई) समाज समिति के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज से श्री विश्वकर्मा मंदिर बैतूल में किया जा रहा है। 29 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विविध सामाजिक आयोजन होंगे, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी। महोत्सव के प्रथम दिन आज 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी का अभिषेक, हवन, पूजन, छप्पन भोग एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे तक प्रतिभावान छात्र-छात्राएं अपनी अंकसूची, प्रमाण पत्र एवं विशेष योग्यता की जानकारी मंदिर कार्यालय में जमा कर सकेंगे। कल 30 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें रंगोली, चित्रकारी, काष्ठ कला, क्राफ्ट कला, फैंसी ड्रेस, गायन, एकल व सामूहिक नृत्य, थाल सज्जा, काव्य पाठ एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। रंगोली एवं चित्रकारी की सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी तथा गायन के लिए सिंगल गाने की सीडी या पेनड्राइव लाना अनिवार्य रहेगा। समापन दिवस 31 जनवरी शनिवार को सुबह 8 से 10 बजे तक भगवान श्री विश्वकर्मा जी का अभिषेक, हवन, पूजन एवं प्रसादी होगी। इसके बाद सुबह 10 से 12 बजे तक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे से समाज की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि, वयोवृद्धजनों का सम्मान, मुख्य अतिथियों एवं बाहर से आए अतिथियों का सम्मान, स्वागत उद्बोधन, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं पारितोष वितरण, सचिव द्वारा गत वर्ष के आय-व्यय एवं दानदाताओं की सूची का वाचन तथा अध्यक्ष का उद्बोधन व आभार प्रदर्शन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन रहेगा।

सहयोगी समितियां करेंगी सहभागिता : समिति ने 31 जनवरी को सभी सामाजिक बंधुओं से अपने कारखाने एवं प्रतिष्ठान बंद रखकर सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। आयोजन में आमला, चिचोली, सारणी, भैसदेही, आठनेर, मुलताई व मोरखा क्षेत्र की सहयोगी समितियां सहभागिता करेंगी।